हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 जुलाई 2024

04 नए कानूनों के संबंध में मप्र पुलिस ने प्रशिक्षण ...




07 विद्युत वितरण कंपनी के ब्यावरा डिविजन...





## खबर संक्षेप

### योजना की पहली किस्त आज आएगी

**सीहोर।** मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत एक साल में किसानों को तीन समान किस्तों में कुल 6000 रुपए की राशि प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की इस वर्ष की प्रथम किस्त का वितरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 5 जुलाई को टीकमगढ़ जिले में आयोजित कार्यक्रम से करेंगे। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत सीईओ को कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में विधायक-सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर स्क्रीन पर टीकमगढ़ में हमें आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी होगा।

### साईं पालकी रथ यात्रा 21 जुलाई को

**सीहोर।** सद्‌गुरू सांईनाथ पालकी यात्रा को लेकर गंज स्थित सांईनाथ मंदिर में बैठक आयोजित की गई। यात्रा के संस्थापक ब्रजमोहन सोनी ने बताया कि सांईनाथ पालकी यात्रा 21 जुलाई को निकाली जाएगी। इसको लेकर पार्षद लोकेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सर्व-सम्मति से पालकी यात्रा अध्यक्ष छगन यादव को मनोनीत किया गया। यात्रा युवा अध्यक्ष दीपांशु राठौर को बनाया गया। । बैठक में पूर्व अध्यक्ष राहुल जाटव का सम्मान किया गया। डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने बैठक का संचालन किया। इस मौके पर पार्षद अर्जुन राठौर, सोनू राठौर, प्रमोद राठोर, तनिष्क सोनी, अमित पटेल, गब्बर यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### पेंशनर्स को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

**सीहोर।** साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात प्रकाश में आई है। पेंशनर द्वारा गलती से ओटीपी साझा करने पर अपराधी को बैंक खाते का डायरेक्ट एक्सेस कन्ट्रोल मिल जाता है और पेंशनर के खाते की राशि फर्जी खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है।

### सिपेट: आवेदन 12 जुलाई तक करें

**सीहोर।** सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) भोपाल में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। इसके लिए आवेदन 12 जुलाई तक होंगे। डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी के तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में 10वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

---

**समस्या :** अवैध कॉलोनियों में पानी जमा होने से मच्छरों के पनपने का डर

# खाली पड़े प्लाटों में जमा होने लगा बारिश का पानी, रहवासी परेशान

लोगों का कहना है कि प्लाटों के मालिक और अवैध कॉलोनियों के कॉलोनाइजरों को यहां से पानी निकालने की व्यवस्था करनी चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बरसात के शुरू होते ही नगर में खाली पड़े प्लाटों और अवैध कॉलोनियों में जगह-जगह पानी भरने लगा है। पानी के जमा होने से इनमें मच्छर और जहरीले जीव-जन्तु पनपने का डर आसपास के लोगों को बना हुआ है। वहीं अवैध कॉलोनियों में पानी भरने से कॉलोनी में रहने वाले लोगों को वहां से निकलने में भी परेशानी हो रही है।

नगर की अवैध कॉलोनियों और खाली पड़े प्लाटों में कई जगहों पर पानी भरने लगा है, इन प्लाटों और अवैध कॉलोनियों में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है, जिससे यह पानी बरसात के बाद भी महीनों तक भरा रहता है। इस पानी के जमा होने से इनमें मच्छर, सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जानवर पनपेंगे।

यह जहरीले जानवर आसपास के घरों में घुसेंगे और लोगों को नुकसान पहुंचाएंगे। लोगों का कहना है कि प्लाटों के मालिक और अवैध कॉलोनियों के कॉलोनाइजरों को यहां से पानी निकालने की व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे मच्छरों और जहरीले जानवरों के पनपने की संभावना दूर हो सके।

**कीचड़ होने से वाहन चालक हो रहे परेशान, अक्सर होते हैं हादसे**



**सीहोर।** पानी निकासी की व्यवस्था न होने से प्लाट में भरा पानी।

### मच्छर पनपने से बढ़ेगा मलेरिया का खतरा

जगह-जगह पर पानी जमा होने से इनमें मच्छर पनपेंगे, जिससे लोगों में तेजी से बीमारियां फैलेंगी। इनमें सबसे ज्यादा मलेरिया के फैलने का डर बरसात और उसके बाद भी बना रहेगा। इसके अलावा पानी के जमा होने पर इसमें से गंदी बदबू आने लगती है, जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो जाता है। इसलिए लोगों को इन मच्छरों से सावधान रहना होगा और नगर पालिका को भी खाली पड़े प्लाटों में मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए दवाई का छिड़काव कराना पड़ेगा।

### पक्के रास्ते नहीं होने से हो रही कीचड़

नगर में कई अवैध कॉलोनियां बनी हुई हैं। इनमें अभी तक पक्के रास्ते नहीं बनाए गए हैं। इस वजह से बरसात का पानी मिट्टी वाले रास्तों से निकलता है, तो मिट्टी गीली हो जाती है, जिससे दो पहिया वाहनों के के फिसलने के डर बना रहता है। गीली मिट्टी पर वाहनों के फिसलने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह कॉलोनियां नगर में सालों से बनी हुई है और हर साल इनकी तादात बढ़ती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### नाली नहीं होने से परेशानी

इन अवैध कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। वहीं नाली नहीं होने से बारिश का पानी सड़कों और खाली पड़े प्लाटों में जमा हो जाता है। जिससे लोगों को परेशानी होती है।

---

# टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, ड्राइवर सकुशल बचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंदौर-भोपाल हाईवे पर एक ट्रक पलट गया। ट्रक का टायर फटकर वह अनियंत्रित हो गया। घटना सीहोर क्षेत्र में गुड़भेला के पास दोपहर के करीब 1 बजे की है। एक ट्रक भोपाल से इंदौर की ओर जा रहा था। तभी गुड़भेला के पास पेट्रोल पंप से करीब 50 मीटर दूर ट्रक का टायर फट गया। ट्रक अनियंत्रित हो गया और वहीं गिर गया। इस दुर्घटना के बाद उसमें बैठे ड्राइवर को बाहर निकाला गया।

### डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण कार्य योजना 10 से प्रारंभ

**सीहोर।** मध्यप्रदेश भू-अभिलेख नियमावली के तहत फसल गिरदावरी का कार्य वर्ष में 3 बार (मौसम खरीफ/रबी/जायद) में सारा एप के माध्यम से संपन्न किया जाता है। जिसका उपयोग उपार्जन, फसल बीमा योजनाओं में सतत रूप से किया जा रहा है। फसल गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया है, जो प्रत्येक मौसम के लिए लगभग 45 दिवस की कार्यवाही है जिसमें जियो फेंस (पार्सल लेवल) तकनीक के माध्यम से खेत मे बोई गई फसल का फोटो खींचकर फसल सर्वेक्षण का कार्य नियत अंतराम में पूर्ण किया जाएगा। इस आशय के आदेश आयुक्त भू-अभिलेख मध्यप्रदेश द्वारा जारी किये गये है। एमपी किसान एप प्ले स्टोर से डाउनलोड करने के उपरांत मोबाइल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन किया जा सकता है। एमपी किसान एप के माध्यम से फसल स्व-घोषणा की जानकारी जियो फेंस तकनीक के माध्यम से फसल का फोटो खींचकर दर्ज की जा सकेगी एवं पूर्व से दर्ज फसल के विरूद्ध दावा, आपत्ति की जानकारी भी एमपी किसान एप के माध्यम से दर्ज की जा सकेगी।

---

# जिले में अब तक 162.1 एमएम औसत बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 08 बजे तक 6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 16.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 18, आष्टा में 5, जावर में 2, इछावर में 3, भैरूंदा में 4, बुधनी में 0, रेहटी में 0मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।



जिले में एक जून से चार जुलाई को सुबह 8 बजे तक 162.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 176.8 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से चार जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 240.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 224.5, आष्टा में 119, जावर में 133, इछावर में 266, भैरूंदा में 107, बुधनी में 97 तथा रेहटी में 110.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### वन अमले ने सागौन की सिल्लियों सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भैरुंदा।** लाडकुई वन अमल ने एक बोलोरो पिकअप सहित 14 नग सागौन की सिलियां जब्त कर दो आरोपियों को वन विभाग ने हिरासत लिया है।



लाडकुई वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कोसमी से भेरूंदा रोड पर छिदगाव मोजी बीजला बजरंग मन्दिर के पास से एक बोलेरो पिकअप में सागोन लेकर जाने की सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंच कर एक बोलेरो पिकअप सागौन की सिल्लियां भरकर लेकर जा रही है। तभी वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचे और वहां पर एक बोलेरो पिकअप जब्त किया गया। जिसकी कीमत साथ लाख 50 हजार 14 नग सागौन की सिल्लियां जिसकी कीमत 50 हजार अधिक बताई जा रही है। जब्त वाहन को वन परिक्षेत्र कार्यालय में लाकर खड़ा कर राजस्व कार्रवाई की जा रही है।

---

# लंबे समय से जमे माइनिंग इंस्पेक्टर को हटाया गया लगातार शिकायतें मिलने के बाद भोपाल किया अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में नर्मदा नदी से रेत के अवैध खनन और परिवहन के मामले लगातार सामने आने के बाद गुरुवार को बड़ा एक्शन लिया गया। लंबे समय से सीहोर में पदस्थ खनिज निरीक्षक संतोष सूर्यवंशी को हटाकर संचालनालय भोपाल अटैच कर दिया गया है। उनके खिलाफ लगातार अनियमितताओं की शिकायत मिल रही थी। कई लोग उनकी शिकायतें शीर्ष स्तर पर लेकर पहुंचे थे। इसके बाद यह कार्रवाई की गई।



सीहोर जिले में बुधनी, भेरूंदा क्षेत्र में नर्मदा से लगातार रेत का अवैध खनन हो रहा है। एनजीटी की रोक के बाद भी पोकलेन और जेसीबी मशीनों की मदद से नर्मदा नदी से रेत निकाली जा रही है। ऐसे मामलों के लगातार सामने आने के बाद शासन ने सख्त कार्रवाई की। सीहोर जिले में खुलेआम रेत का अवैध कारोबार हो रहा है। प्रशासन ने 28 मई को ग्राम डिमावर तहसील भैरूंदा से 4 पोकलेन मशीन, ग्राम सोमलवाडा तहसील बुधनी से 2 पोकलेन मशीन रेत खनन करते हुए जब्त की थी। रेत के ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर 17 डंपर जब्त किए थे। हालांकि यह कार्रवाई सिर्फ एक दिन ही चली।

### मीटर से छेड़छाड़ करने पर हो सकता है कारावास

**सीहोर।** यदि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर, उपाय एप एवं ऑनलाइन वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बिजली वितरण केन्द्र/जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की माकूल व्यवस्था की गई है।

# सड़क पर अंधेरे में बैठे रहते हैं आवारा मवेशी, लगातार हो रहे सड़क हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की तंग गलियों और हाइवे के चौड़े रास्तों पर खुले घूम रहे आवारा मवेशी लोगों की जान पर मुसीबत बने हुए हैं। शहर की सड़कों पर घूमते आवारा मवेशी वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं।



कई बार ये पशु सड़कों पर दौड़ने लगते हैं तेज रफ्तार गाड़ियों के सामने आ जाने से हादसे की आशंका बन जाती है। वहीं पैदल चल रहे राहगीरों के लिए भी खासी परेशानी होती है। दरअसल, जब कोई राहगीर इसके सामने से या पास से निकलता है तो यह एकदम से उस पर हमला कर घायल कर देते हैं। ऐसा ही एक मामला शाजापुर से सामने आया है। जहां आवारा मवेशियों के चक्कर में श्रद्धालुओं से भरा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। जबकि 9 लोग घायल हुए हैं। वहीं ये मवेशी सूने घरों और दुकानों में घुसकर नुकसान कर जाते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।

---

**प्राचीन मरीह माता मंदिर में आस्था के साथ मनाई जाएगी गुप्त नवरात्रि**

# गुप्त नवरात्र इस बार 10 दिन के रहेंगे, छह जुलाई से प्रारंभ होकर 15 को होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी आषाढ़ गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिदिन हवन, यज्ञ, दुर्गा सप्त शती का पाठ के साथ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण के अलावा कन्या भोज आदि का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, रोहित मेवाड़ा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आशीष माहेश्वरी, पप्पू सेन सहित अन्य ने यहां पर देवी मां का विशेष श्रृंगार किया। इस मौके पर सुबह हवन पूजन के अलावा सुबह और शाम को आरती का आयोजन किया जाएगा।



आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा 6 जुलाई से गुप्त नवरात्र शुरू हो रहे है, जो 15 जुलाई तक रहेंगे। इस बार गुप्त नवरात्र 10 दिन के मनाए जाएंगे। तृतीय तिथि की वृद्धि होने से नवरात्र के दिनों में बढ़ोतरी हुई है। 6 जुलाई को सुबह 4:27 बजे से प्रतिपदा तिथि प्रारंभ हो जाएगी। नवरात्र के दौरान विशेष योग भी रहेंगे। वैसे तो वर्ष में चार बार नवरात्र आते है। चैत्र शुक्ल और आश्विन शुक्ल को प्रकट रूप में नवरात्र मनाते है।

वहीं, आषाढ़ शुक्ल व माघ शुक्ल पक्ष में गुप्त रूप से नवरात्र मनाए जाते हैं। इस दौरान गुप्त स्थल पर बैठकर या गुप्त तरीके से खास तरह की सिद्धि प्राप्ति के लिए माता रानी की साधना की जाती है। इस दौरान 10 महाविद्याओं की पूजा अराधना की जाती है। पंडित श्री दुबे ने बताया कि महाकाली, तारादेवी, त्रिपुरसुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्तिका, त्रिपुराभैरवी, धुमावती, बगलामुखी, मातंगी, मां कमलादेवी का गुप्त नवरात्र में तांत्रिक साधना और कठिन व्रत का महत्व होता है। इन नवरात्र के दौरान साधक आत्मिक इच्छाओं की पूर्ति, सिद्धि व मोक्ष के लिए प्रार्थना करते हैं। व्यवस्थापक श्री मेवाड़ा ने बताया कि प्रसिद्ध मरीह माता मंदिर में लंबे समय से पूजा-अर्चना करते हुए आ रहे है। हिंदू धर्म शास्त्रों में कुल चार नवरात्रि का वर्णन है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अलावा दो गुप्त नवरात्रि भी होती हैं। एक गुप्त नवरात्रि माघ और दूसरी आषाढ़ के महीने में पड़ती है। इस समय असाढ़ माह चल रहा है और साल की पहली गुप्त नवरात्री इसी माह में होगी। गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा के उपासक गुप्त तरीके से पूजा उपासना करते हैं। आषाढ़ माह में पडऩे वाले गुप्त नवरात्रि की शुरुआत शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होती है। इस साल गुप्त नवरात्रि का प्रारम्भ छह जुलाई से शुरू होगा, जिसका समापन 15 जुलाई को होगा।

---

# 7 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो यूजी कोर्स में नहीं मिल पाएगा एडमिशन

**कॉलेजों में अब तक आधी सीटें भी नहीं भरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

यूजी कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन 7 जुलाई को बंद हो जाएंगे। यह सीएलसी का पहला लेकिन एडमिशन का आखिरी राउंड है। जो छात्र रजिस्ट्रेशन नहीं कराएंगे, उन्हें यूजी कोर्स में प्रवेश नहीं मिलेगा। बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए सहित अन्य कोर्स में एडमिशन के लिए मई में प्रवेश प्रक्रिया शुरु हुई थी।

दो राउंड पूरे हो चुके हैं, लेकिन जिले के शासकीय और प्राइवेट कॉलेजों में से अधिकांश कॉलेजों में आधी सीटें भी नहीं भरी हैं। हालांकि पीजी कोर्स में एडमिशन ज्यादा हो रहे हैं। बता दें कि यूजी के लिए रजिस्ट्रेशन 7 जुलाई को बंद हो जाएंगे। 13 जुलाई को सीएलसी राउंड की लिस्ट आएगी। ऐसे में तय समय में विद्यार्थियों को फीस जमा करना होगी। कॉलेज हर दूसरे दिन अपडेट लिस्ट ऑनलाइन और ऑफलाइन जारी करेंगे।

### इधर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्‌घाटन कार्यक्रम आगे बढ़ा

जिला मुख्यालय सहित प्रदेशभर में शुरु किए गए पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्‌घाटन कार्यक्रम भी आगे बढ़ गया है। पहले 1 जुलाई को इन कॉलेजों का उद्‌घाटन होना था, लेकिन तैयारियां पूरी न होने की वजह से अब यह आगे टल गया है। फिलहाल इसकी नई तारीख जारी नहीं की गई है। सीहोर जिला मुख्यालय स्थित लीड कॉलेज चंद्रशेखर आजाद स्मृति शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय को भी पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा मिला है।

**खबर संक्षेप**

### विधायक ने प्रमाण सागर महाराज से लिया आशीर्वाद



**सीहोर।** गुरुवार को अमलाहा स्थित जैन मंदिर पहुंचकर प्रमाण सागर महाराज और संधान सागर महाराज का सीहोर विधायक सुदेश राय ने आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों के मंगल की कामना की। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी दीपक जायसवाल, जैन समाज के अध्यक्ष अजय जैन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे। महाराज ने कहा कि धर्म जीवन का परम आधार है। धर्म एक ऐसी जीवनपद्धति है, जो स्व के अनुशासन से संचालित होती है। आंतरिक संवेदनाओं से जुड़ी हुई जीवन-शैली धर्म है। जो व्यक्ति स्व के अनुशासन और आंतरिक संवेदनाओं से जुड़ता है उसका जीवन मानवीय गुणों से ओतप्रोत हो जाता है।

### मानव अधिकार संबंधी शिकायत अब ऑनलाइन

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल www.hrcnet.nic.in पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं।

### क्षय रोगी का उपचार निःशुल्क उपलब्ध

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का इलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का इलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को इलाज लेने पर 500 रुपए पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

**कानून दंड नहीं बल्कि न्याय केंद्रित है : विशेष पुलिस महानिदेशक विजय कटियार**

# नए कानूनों के संबंध में मप्र पुलिस ने प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यशाला में दी समझाइश

ई-एफआईआर के मामले में फरियादी को तीन दिन के भीतर थाने पहुंचकर एफआईआर की कॉपी पर साइन करने होंगे। नए बदलावों के तहत जीरो एफआईआर को कानूनी तौर पर अनिवार्य कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




देशभर में एक जुलाई से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएएस) लागू हो चुका है। नए कानूनों के संबंध में मप्र पुलिस सीहोर द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी एवं अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा पत्रकार उपस्थित रहे।

विशेष पुलिस महानिदेशक विजय कटियार ने कहा कि इन तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों और उनकी सजाओं को परिभाषित कर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है। उन्होंने कहा कि ये कानून दंड नहीं बल्कि न्याय केन्द्रित है। कार्यशाला में पुलिस महानिरीक्षक अभय सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ओपी त्रिपाठी, कलेक्टर प्रवीण सिंह, एसपी मयंक अवस्थी ने नए कानूनों के बारे में विस्तार से बताया।

**महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रावधान :** नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के लिए सख्त सजा के प्रावधान किए गए हैं। प्रस्तावित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में पहला अध्याय अब महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध से संबंधित सजा के प्रावधानों से संबंधित है। इन प्रावधानों के अनुसार जहां बच्चों से अपराध करवाना व उन्हें आपराधिक कृत्य में शामिल करना दंडनीय अपराध होगा वहीं नाबालिक बच्चों की खरीद-फरोख्त जघन्य अपराधों में शामिल की जाएगी। नाबालिग से गैंगरेप किए जाने पर आजीवन कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान है। नए कानूनों के अनुसार पीड़ित का उसके अविभावक की उपस्थिति में ही बयान दर्ज किया जा सकेगा। इसी प्रकार नए कानूनों में महिला अपराधों के संबंध में अत्यंत सख्ती बरती गई है। इसके तहत महिला से गैंगरेप में 20 साल की सजा और आजीवन कारावास, यौन संबंध के लिए झूठे वादे करना या पहचान छिपाना भी अब अपराध होगा। साथ ही पीड़िता के घर पर महिला अधिकारी की मौजूदगी में ही बयान दर्ज करने का भी प्रावधान है। इस प्रकार नए कानून में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध घटित करने वालों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में कड़ी सजा के प्रावधान हैं। कार्यशाला में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एएसपी गीतेश गर्ग सहित सभी राजस्व एवं पुलिस अधिकारी, सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे तथा अनुभाग स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यशाला में उपस्थित रहे।

**नए कानूनों में खास :** अदालतों में पेश और स्वीकार्य साक्ष्य में इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड, ईमेल, सर्वर लॉग, कंप्यूटर, स्मार्टफोन, लैपटॉप, एसएमएस, वेबसाइट, स्थानीय साक्ष्य, मेल, उपकरणों के मैजेस को शामिल किया गया है। केस डायरी, एफआईआर, आरोप पत्र और फैसले सहित सभी रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड का कानूनी प्रभाव, वैधता और प्रवर्तनीयता कागजी रिकॉर्ड के समान ही होगी। अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये भी न्यायालयों में पेशी हो सकेगी। अब 60 दिन के भीतर आरोप तय होंगे और मुकदमा समाप्त होने के 45 दिन में निर्णय देना होगा। वहीं सिविल सेवकों के खिलाफ मामलों में 120 दिन में निर्णय अनिवार्य होगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत मामलों की तय समय में जांच, सुनवाई और बहस पूरी होने के 30 दिन के भीतर फैसला देने का प्रावधान है। इसी प्रकार छोटे और कम गंभीर मामलों के लिए समरी ट्रायल अनिवार्य होगा। नए कानूनों में पहली बार अपराध पर हिरासत अवधि कम रखी जाने व एक तिहाई सजा पूरी करने पर जमानत का प्रावधान है। साथ ही किसी भी शिकायतकर्ता को 90 दिन में जांच रिपोर्ट देना अनिवार्य होगा और गिरफ्तार व्यक्ति की जानकारी भी सार्वजनिक करनी होगी।

#### नए कानूनों से होने वाले लाभ

ई-एफआईआर के मामले में फरियादी को तीन दिन के भीतर थाने पहुंचकर एफआईआर की कॉपी पर साइन करने होंगे। नए बदलावों के तहत जीरो एफआईआर को कानूनी तौर पर अनिवार्य कर दिया है। फरियादी को एफआईआर, बयान से जुड़े दस्तावेज भी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। फरियादी चाहे तो पुलिस द्वारा आरोपी से हुई पूछताछ के बिंदु भी ले सकता है। यानी वे पेनड्राइव में अपने बयान की कॉपी ले सकेंगे। इस प्रकार नए कानूनों में आमजन को बहुत सारे लाभ प्रदान किए गए हैं।

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा।

समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

## नाबालिग अपहर्ता को कानपुर उत्तर प्रदेश से किया बरामद

**भैरुंदा।** 21 मार्च को फरियादी मोहन भील निवासी ग्राम कुरी नयापुरा थाना भैरुंदा ने रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिग बच्ची उम्र 16, 18 मार्च को स्कूल परीक्षा देने गई थी जो वापस नहीं आई जिसकी सभी जगह तलाश किया नहीं मिलने थाना भैरूंदा में गुमशुदा का ममला दर्ज़ कराया अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर ले जाना बताया फरियादी की सूचना पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीहोर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा नाबालिग बालिका की तत्काल बरामदगी व अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भैरुंदा निरीक्षक घनश्याम दांगी द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए तकनीकी मदद ली गई। जिससे आरोपी के कानपुर उत्तर प्रदेश मे होने की जानकारी मिली टीम गठित कर कानपुर उत्तर प्रदेश भेजी गई टीम द्वारा अपहर्ता उम्र 16 वर्ष को आरोपी अभिषेक गुप्ता पिता मनोज गुप्ता उम्र 21 साल निवासी मछलियां चौराहा थाना नौबस्ता कानपुर उत्तरप्रदेश के कब्जे से दस्तयाब किया गया व अपहृता के बयान एवं मेडिकल परीक्षण उपरान्त अपहृता को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपहर्ता के बयान के आधार पर आरोपी अभिषेक गुप्ता निवासी मछलियां चौराहा थाना नौबस्ता कानपुर उप्र को गिरफ्तार कर न्यायालय सीहोर पेश किया गया। जहां आरोपी जेल भेजा गया ।

### अतिक्रमण हटाने पर व्यापारियों ने की चर्चा

चापडा । चापड़ा चौराहे के चारों मार्ग पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की जा रही है, जिसको लेकर राजस्व विभाग की टीम ने चारों मार्ग पर नपती कर जगह भी चिन्हित की है। जानकारी अनुसार अनुविभागीय कार्यालय बागली के आदेश पर यह कार्यवाही प्रारंभ की गई है। इंदौर नेमावर मार्ग पर 40 व बागली हाटपिपल्या मार्ग पर 35 फिट अतिक्रमण हटाया जाना है। जिस दौरान हाटपिपलिया बागली मार्ग पर अस्थाई एवं पक्का निर्माण अतिक्रमण के दायरे में आ रहा हैं, उसे हटाया जाएगा। इसी को लेकर बुधवार के दिन बागली रोड पर ऋण मुक्तेश्वर धर्मशाला में व्यापारी एसोसिएशन की बैठक जिसमें एसोसिएशन अध्यक्ष बद्रीलाल पाटीदार सहित अन्य व्यापारी गण उपस्थित रहे। जहां पर अतिक्रमण को लेकर कई विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही सभी व्यापारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बद्रीलाल पटीदार, संतोष कुमार जैन ने बताया कि बैठक में सभी व्यापारियों ने आपसी चर्चा के दौरान विचार विमर्श कर निर्णय लिया कि इंदौर नेमावर इंदौर मार्ग पर अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने जो सीमा तय की है वहीं रहेगी। बागली हाटपिपलिया मार्ग पर 35 फीट में अधिक नुकसान होने के कारण सभी ने विचार रखे हैं कि सभी दुकानदार व अन्य सभी लोग अपनी स्वयं की इच्छा से 25 फीट के दायरे आनेवाले अतिक्रमण को हटाएंगे। चाहे वह पक्का हो या कच्चा निर्माण हो।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह आयोजित



**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश के आदेशानुसार तीन दिवसीय दीक्षारंभ चढ़ समारोह का आयोजन डॉक्टर सुधा लाहोटी सेवा निवृत प्राध्यापक समाजशास्त्र एवं राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कार से सम्मानित के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं का भव्य स्वागतए सरस्वती वंदना एवं अतिथियों का स्वागत कर किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गणेश लाल जैन ने छात्राओं को इस महाविद्यालय का चुनाव करने के लिए खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने छात्राओं को दीक्षारंभ शब्द का अर्थ बताते हुए कहा के अब उनको उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने कौशल के साथ दक्ष होना है। साथ ही उनको महाविद्यालय के अनुशासनए वातावरणए समय एवं उपलब्धियां से परिचित कराया। डॉक्टर सुधा लाहोटी ने छात्राओं को समय की पाबंदीए अनुशासनए स्वतंत्रता सभी की विस्तृत जानकारी देते हुए

उनको अपना लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी तथा जीवन में सफलता के सूत्रों को बताया। तत्पश्चात सभी संकाय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का परिचय करवाया गया तथा महाविद्यालय वातावरण से परिचित कराने हेतु परिसर का भ्रमण कराया गया। छात्राओं को शैक्षणिक संरचना तथा परीक्षा प्रणाली से अवगत कराते हुए पूर्व छात्राओं ने भी अपने महाविद्यालय के अनुभव साझा किए। दूसरे दिन छात्राओं को शैक्षणिक विनियम और दिशा निर्देशए छात्रवृत्तिए विभागों व पाठ्यक्रमों से परिचित कराया गया। साथ ही पुस्तकालयए कंप्यूटर लैब गृह विज्ञान लैबए साइंस लैब और स्पोर्ट्स हॉल का भ्रमण कराया गया। करियर एवं प्लेसमेंट संबंधी जानकारी देते हुए छात्राओं को महाविद्यालय की पाठ्येत्तर गतिविधियों से परिचित कराया गया। अंत में छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए। समारोह के अंतिम दिन छात्रों को संवैधानिक मौलिक कर्तव्यों स्थल पर यौन उत्पीड़न एवं रैगिंग की रोकथामए सूचना का अधिकार लोक सेवा गारंटी अधिनियम साइबर क्राइम और बौद्धिक संपदा अधिकारों स्वास्थ्य और कल्याण अभिविन्यासए सुरक्षा एवं बचाव संबंधी जानकारी छात्रावास सुविधाए विद्यार्थी क्लब और समिति अनुसंधान के अवसरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

पूर्व छात्रों ने महाविद्यालय के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए महाविद्यालय की गुणवत्ता और और महाविद्यालय के वातावरण से नई छात्राओं को अवगत कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व व उपयोगिता को बताते हुए सामूहिक गतिविधियों के साथ खेल व फिटनेस गतिविधियों की जानकारी भी छात्राओं को दी गई ।

## वृहद पौधरोपण अभियान के तहत पौधरोपण और सह जागरूकता शिविर का आयोजन

**सीहोर।** वृहद पौधरोपण अभियान के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला न्यायाधीश एमके वर्मा की उपस्थिति में ऑक्सफोर्ड स्कूल में पौधरोपण एवं सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

पौधरोपण एवं सह जागरूकता शिविर में अतिथियों ने कहा कि पेड़ों के कटने से पृथ्वी के वातावरण में प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है, जिससे हम प्रतिदिन नई-नई स्वास्थ्य समस्याएं और बीमारियों का सामना कर रहे है। पर्यावरण के संरक्षण के लिए वृक्षों को लगाया जाना एवं संरक्षण किया जाना अति आवश्यक है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वृहद पौधरोपण अभियान 15 अगस्त 2024 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिला एवं तहसीलों पर जल की उचित व्यवस्था एवं संरक्षित स्थानों पर पौधों को रोपित करने के साथ-साथ संरक्षित भी किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, स्कूल संचालक, प्राचार्य, अधिवक्ता वर्मा एवं स्कूल के शिक्षक गण सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।




### स्व. हरिकृष्णसिंह मंत्री की 41वीं पुण्यतिथि पर बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की जाएगी



**सीहोर।** शुक्रवार को पूर्व हैदराबाद एवं भोपाल रियासत के अग्रणी स्वतंत्रता संग्राम सैनानी पूर्व विधायक मूर्धन्य पत्रकार स्व. हरिकृष्णसिंह मंत्री की 41 वी पुण्यतिथि पर परम्परा अनुसार अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। अजा सुबह 11.30 बजे पावर हाउस चौराहा स्टेशन रोड स्थित पूर्णिमा औषधालय पर नागरिकगण मंत्री जी के चित्रपर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। तत्पश्चात सरदार पटेल मार्ग गंज स्थित मंत्रीजी के निज निवास रहे पुनर्निर्मित स्वदेश भवन प्रांगण में दोपहर 01 बजे मंत्रीजी की स्मृति में पौधरोपण किया जायेगा। दोपहर दो बजे बिल्किस गंज रोड स्थित ग्राम नई चंदेरी माध्यमिक शाला में स्कूली बच्चों को परम्परा अनुसार पाठ्य सामग्री वितरित की जायेगी। कार्यक्रम में स्नेहीजन गणमान्य नागरिक जन मौजूद रहेंगे।

**सांईराम टेक्नो मैनजेमेंट सॉल्यूशन्स प्रा. लि. द्वारा के द्वारा करवाया गया पौधरोपण**

# जनपद शिक्षा केंद्र परिसर को हराभरा बनाने किया पौधरोपण, जीवन में वृक्षों के महत्व के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

जनपद शिक्षा केंद्र परिसर में बुधवार को हरियाली दिवस पर परियोजना क्रियान्वयन इकाई जिला सीहोर, की सहायक संस्था साँईराम टेक्नो मैनजेमेंट सॉल्यूशन्स प्रा. लि. द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थाई शिक्षा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर जायसवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवानी मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं नायाब तहसीलदार नवल किशोर कटारे , अनामिका चतुर्वेदी, बीआरसीसी सुभाष चंद्र दुबे के विशेष आतिथ्य में समपन्न हुआ।

इस मौके पर अतिथियों ने जीवन में वृक्षों का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। साथ ही परिसर में बडी संख्या में छायादार और फलदार पौधे रोपे। आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ मनेंद्र कटियार प्रबंधक (जनसहभागिता) परियोजना क्रियान्वयन इकाई, समाज सेवी एवं संस्था प्रमुख प्रियंका द्विवेदी, परियोजना प्रबंधक पायल कावड़े , बलवान सिंह ठाकुर , राजपाल परमार उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों द्वारा पौधरोपण एवं वृक्षो की रक्षा करने का संदेश दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवानी मिश्रा ने पौधरोपण के महत्व बताते हुए कहा कि वृक्ष हमारे प्राण है और हमे अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की आवश्यकता है जिसके लिए हम सभी को मिलकर संकल्प लेना होगा। वही डॉ मनेंद्र कटियार ने कहा वृक्ष हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है जो हमे शुद्ध प्राण वायु प्रदान करते है जिसके लिए उन्होंने सहायक संस्था साँईराम टेक्नो मैनेजमेंट सॉल्यूशन्स प्रालि की सराहना करते हुए 18000 पौधरोपण के संकल्प के लिए धन्यवाद किया।बीआरसीसी सुभाष चंद्र दुबे ने बताया कि जिस प्रकार हमारे जीवन मे शिक्षा महत्वपूर्ण है उसी प्रकार धरती को हराभरा बनाने के लिए पौधरोपण भी बहुत आवश्यक है। यही प्रकृति की अनमोल धरोहर है जिसे हमे बचाने की जरूरत है। समाज सेवी एवं संस्था प्रमुख प्रियंका द्विवेदी ने 11 राज्यो में 1लाख पौधरोपण के संकल्प के साथ उनके संरक्षण का दायित्व लिया। एवं अंत में शंकर जायसवाल ने सहायक संस्था एवं जल निगम का धन्यवाद करते हुए वृक्षो की रक्षा करने एवं अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जलसंरक्षण एवं संवर्धन की बात कही। इस दौरान प्रमुख रूप से बीएसी एवं जनशिक्षक उपस्थित थे।




### जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की अनीता अरोरा अध्यक्ष व अनीता ललवानी बनीं संयोजक



**सीहोर।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन जो कि जन संख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने के लिए 10 वर्षों से लगातार प्रयासरात है। संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग वन्दना त्यागी, राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल, प्रदेश संयोजक अलंकार जैन अधिवक्ता, महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष हेमांगी अरोरा अधिवक्ता द्वारा मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में महिला विंग की जिला अध्यक्ष व संयोजकों की नियुक्ति किए जाने पर सभी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

27 जून को मध्यप्रदेश के सभी जिलों की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सीहोर जिले की जिला अध्यक्ष के रूप में अनीता अरोरा तथा संयोजक के रूप में अनीता ललवानी को नियुक्त किया गया। दिनांक 11 जुलाई को अन्तराष्ट्रिय जनसंख्या दिवस के अवसर पर पूरे देश में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के करोड़ों कार्यकर्ता प्रति वर्ष ज्ञापन सौंप कर जन जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग करते आ रहे हैं। इस वर्ष हमारे जिले में भी 11 जुलाई को कलेक्टर महोदय के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति व प्रधान मंत्री जी को भेजा जाएगा, इसकी तैयारी के लिए पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है, अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### पेंशनधारियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

सीहोर। साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात सामने आई है।

### वर्षों से अनफिट कर्मचारियों की निकाली जा रही है वेतन

# विद्युत वितरण कंपनी के ब्यावरा डिविजन में 10-25 सालों से जमे हुए हैं कर्मचारी

## बाबूओं के सामने डीजीएम भी हुए बोने साबित, कई बार कहने के बाद भी बाबूओं ने नहीं दी 3 साल से अधिक समय के कर्मचारियों की लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विद्युत वितरण कंपनी ब्यावरा में पदस्थ कर्मचारियों के हाल यह हैं कि वह अपने अधिकारी की बात को भी ज्यादा महत्व नहीं देते। हाल ही में हरिभूमि ने डीजीएम से मिलकर ब्यावरा डिविजन में कितने कर्मचारी 3 साल से ज्यादा समय से कार्यरत है उनकी लिस्ट मांगी थी। जिस पर डीजीएम ने 1 घंटे में लिस्ट देने की बात कही थी, परंतु आज 15 दिन से भी ज्यादा हो गए हैं। परंतु उन कर्मचारियों की लिस्ट नहीं मिल पाई। डीजीएम से बात भी की गई परंतु वह भी बाबूओं के सामने असहाय ही नजर आए। हालात यह हैं कि अकेले ब्यावरा डिविजन में ही ऐसे कितने ही कर्मचारी और लाइनमैन हैं जो 10 साल से भी ज्यादा समय से जमे हुए हैं लगता है उन पर शासन के कोई नियम लागू नहीं होते।

### यह रहे एक ही जगह पर जमे कर्मचारियों के नाम

जब अधिकारी अपने विभाग के कर्मचारियों के बारे में बताने में असमर्थ रहे तो फिर सूत्रों से प्राप्त पुख्ता जानकारी के अनुसार लाइनमैन भोनीसिंह यादव, रामप्रसाद यादव, भंवरलाल, तुलसी गोसाई, महेन्द्र यादव, जगदीश नामदेव और अमरसिंह प्रजापति के साथ साथ स्थापना के बाबू आनंद ओझा लंबे समय से विधुत वितरण कंपनी में जमे हुए हैं, जिसके कारण विभाग में कमीशन खोरी और अनियमितता बढ़ती जा रही है।




### अनफिट होते हुए भी यह लाइनमैन ले रहे हैं वर्षों से वेतन

आनंद ओझा स्थापना बाबू - मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के ब्यावरा डिविजन के हाल यह है कि कई कर्मचारी अनफिट है फिर भी उनकी वेतन समय पर निकाली जा रही है और कोई देखने वाला नहीं है। उनको बीआरएस क्यों नहीं दिलाया जा रहा। अमृत गिरी, विहारी दांगी एवं राधेश्याम विश्वकर्मा यह ऐसे लाइनमैन हैं जो अनफिट है। इनमें से कई तो उठने बैठने में भी परेशानियों का सामना कर रहे हैं परंतु विभाग के बाबूओं ही सांठगांठ से समय पर उनका वेतन निकाला जा रहा है। सूत्रों की माने तो स्थापना में बैठे बाबू आनंद ओझा इन सभी कामों की धुरी है क्योंकि यह पिछले 20 वर्षों से भी ज्यादा से एक ही जगह जमे हुए हैं। हालात यह है कि अमृत गिरी लाइनमेन का लडका कपिल गिरी अपने पिता की जगह डीई प्रहलाद क्षेत्रे की गाडी चला रहा है। वहीं विधुत विभागं में कर्मचारी होते हुए भी रोहित यादव और लियाकत विभाग में किराए पर लगी गाडियों को चला रहे है। यह कैसे संभव है कि विभाग का कर्मचारी किसी ठेकेदार की गाडियां चलाकर दोहरी नौकरी और कमाई कर रहा हो। इस पूरे मामले में जब एई ग्रामीण अजीत बूमरकर से बात करने की कई बार कोशिश की गई परंतु वह उत्तर देने में असमर्थ दिखे।

### टीएमटी में भी भर लिए अनस्किल्ड स्टॉफ, एक को दे रहे हैं फ्री में वेतन

विद्युत वितरण कंपनी के ब्यावरा डिविजन के हाल यह है कि ट्रॉसफार्मर मेनेजमेंट टीम में 6 अनस्किल्ड कर्मचारियों स्टॉफ की भर्ती कर ली है न ही कोई डिप्लोमा और न ही कोई अनुभव। साथ ही एक चौकाने वाला तत्य सामने आया है जिसमें एक कर्मचारी दीपक विश्वकर्मा पिता सत्यनारायण विश्वकर्मा जो पिछले 8 महीनों से लापता है परंतु उसकी वेतन लगातार निकाली जा रही है। सूत्र बताते हैं कि इन सभी में अधिकारी भी मिले हुए है और वह बिना किसी रोक-टोक के हस्ताक्षर कर वेतन पास कर देते हैं।

**इनका कहना है...**

इन सभी बातों की जानकारी मुझे नहीं है। आपने मुझे अवगत कराया है। मैं दिखवा लेता हूं और नियमानुसार कार्रवाई करूंगा।

**प्रहलाद क्षेत्रे,** डीजीएम मध्य क्षेत्र विविकं लिमिटेड ब्यावरा डिविजन

# दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहे गौवंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

ग्राम पंचायत लिंबोदा की गौशाला कहा गई। शासन प्रशासन द्वारा लगातार गौवंश को लेकर प्रयास कर रहे लाखो रुपए खर्च कर मेन रोड पर बनी गौशाला के हाल इतने बेहाल हैं की गौ वंश दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रही हैं। जहां गौवंश को सुरक्षित रखा जाता है उस जगह एक गाय तक नहीं है। कई बार मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा रोड पर भटक रही गौवंश को लेकर कार्यवाही की चेतावनी दे चुके हैं। यह पर गौवंश को रोड पर छोड़ दिया इतनी बड़ी गौ शाला में पानी, बिजली तक की कोई व्यवस्था तक नही है। गौ शाला में कोई गाय तक नही है। हाल ही में कौशल विकास विभाग के राज्यमंत्री गौतम टेटवाल का बयान सामने आया था। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव में यदि गौ वंश घूमते पाई गई या उन्हें कुछ नुकसान पहुंचता है तो उस पंचायत के सरपंच, जनपद सदस्य, पंचायत सहायक, पंचायत सचिव सब जिम्मेदार माने जाएंगे। संबंधित पंचायत के सरपंच को धारा 151 के तहत जेल भेजकर तीन दिन तक उनकी जमानत भी नहीं होने देंगे। लेकिन इन सब को ताक पर रखकर सरेआम गौ माताओ को रोड पर छोड़ दिया गया गो माता की इतनी बुरी दुर्दशा हो रही है। आए दिन गौ माता तड़प कर मर रही है व एक्सीडेंट की शिकार हो रही है फसल आने पर किसानों के द्वारा भी इन गो माताओ को बूरी तरह से चोट पहुंचाई जाती है इसके बाद भी इन गो शाला की अनदेखी के चलते आने वाले समय इन गो माता का क्या हाल होगा इस और प्रशासन क्यों ध्यान नहीं दे रहा है।

**इनका कहना है...**

अगर गौशाला में गौ वंश नहीं पाई जाती हैं तो हम इस मामले को संज्ञान में लेकर इन पर कार्यवाही करेंगे।

**महिपाल कुशवाह,** जिला पशु चिकित्सक

गाय हैं वह पर अभी रोकी नही है। गर्मी में बहार निकाल दी थी एक दो दिन में रुकवाएंगे। गर्मी का सीजन था तो छोड़ दी थी। मुझे वह गए डेढ़ माह हुआ है अभी, ऐसा तो कोई आदेश नहीं गोशाला की गायों को रोड पर छोड़ दी जाए। कितनी गायों का सत्यापन है ये सरपंच को पता है।

**जितेन्द्र सिंह राठौड़,** सचिव ग्राम पंचायत लिंबोदा

## विद्या इंटरनेशनल और बचपन प्ले में छात्रों ने मनाया डॉक्टर्स डे

**विदिशा।** शास्त्री नगर स्थित बचपन प्ले स्कूल में डॉक्टर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल में डॉक्टर पेशेंट रोल प्ले एक्टिविटी का आयोजन किया गया। साथ ही अपने आर्ट एंड क्राफ्ट मेंटर्स की सहायता से डॉक्टर्स के लिए ग्रीटिंग काड्र्स बनाए। नन्हे मुन्ने बच्चों ने डॉक्टर अनूप वर्मा, डॉक्टर विधि वर्मा, डॉक्टर शेखावत, डॉक्टर गीता समनानी, डॉक्टर शैलेंद्र मीणा, डॉक्टर प्रतिभा मीणा, डॉक्टर सनत सिंह, डॉक्टर सुजाता नेताम, डॉ राज किशोर सिंह, डॉ पूनम सिंह एवं डॉक्टर तोमेश कुमार को अपने हाथों से डॉक्टर्स डे थैंक यू काड्र्स बनाकर भेंट किया। वहीं विद्या इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने डॉक्टर अनूप वर्मा, डॉक्टर विधि वर्मा को अपने हाथों से डॉक्टर्स डे थैंक यू काड्र्स बनाकर भेंट किया।

# राम भरोसे खीमाखेड़ी का स्कूल बच्चों के साथ शिक्षक भी गायब!



**खुजनेर।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय खीमाखेड़ी संकुल खुजनेर में आने वाले इस विद्यालय के हाल इतने बेहाल हैं कि बच्चों के भविष्य के साथ सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। जहां बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने वाले शिक्षा के मंदिर में शिक्षक ही अनुपस्थित हैं। भगवान भरोसे है यह का स्कूल। जब हरिभूमी की टीम ने यह ग्राउंड स्तर पर जाकर देखा तो इस स्कूल के गेट तो खुले मिले लेकिन यह पर बच्चे और शिक्षक गायब मिले। स्कूल के अंदर रूम में कबाड़ा पड़ा मिला व गंदगी फैली हुई है। जब स्कूल में कोई नहीं मिले तो ग्रामीणों से बात की उन्होंने बताया की पूरा स्कूल भगवान भरोसे है। यह जब शिक्षक ही नहीं आते तो बच्चे कहा से आयेंगे इस स्कूल का ताला भी बच्चे खोल जाते है इस स्कूल की ऐसी हालत हो गई बच्चे अगर इनके भरोसे रह जाए तो उनका हक भविष्य कभी नही सुधर सकता है शिक्षक तो बस सैलरी ले रहे हैं महीनो में कभी कभी एक बार आते होंगे। वहीं खीमाखेड़ी के इस स्कूल के प्रभारी भारत सिंह जोधाना शिक्षिका मनीषा तोमर पदस्य हैं। कैसे सुधरेंगे हमारे राजगढ़ जिले के शिक्षा के हाल पिछले वर्ष शिक्षा में हमारा जिला 52 वा नंबर पर आया था। इस तरह के हाल इन स्कूलों के बने रहेंगे तो बच्चों के भविष्य को कैसे संवारा जाएगा।

**इनका कहना है...**

मैडम हॉस्पिटल में एडमिड हैं। उन्होंने मुझे मेडिकल व्हाट्सएप किया था और मैडम का जब स्वास्थ्य ठीक होगा तब ही मैडम स्कूल में आएंगी।

**हितेश सोनी,** संकुल प्रभारी खुजनेर

# रॉयल स्कूल में बच्चों को चिकित्सीय जानकारी दी



**जीरापुर।** रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर नगर के चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर अश्वनी वैध, डॉक्टर सतीश गुप्ता एवं संस्था संचालक रणधीर सिंह,संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। तदपरांत संचालक सिंह ने बताया कि डॉक्टर ने कोरोना के समय अपनी जान की परवाह किए बिना आम नागरिकों के लिए अपनी सेवाएं दी है इसके लिए वह धन्यवाद के पात्र हैं। आज हमें छोटी से छोटी बीमारी या बड़ी से बड़ी गंभीर बीमारियों पर भी भगवान के बाद दूसरे स्थान डॉक्टर को ही मानते हैं। जहां डॉक्टर ने अपने उधबोधन मे कहा कि आज हम डॉक्टर्स डे भारत के महान फिजिशियन डॉक्टर विधान चंद्र राय का जन्म 1 जुलाई 1882 को हुआ था एवं मृत्यु भी 1 जुलाई को ही हुई थी उन्हीं की याद में डॉक्टर डे मनाया जाता है। हम आपको भी सलाह देना चाहते हैं कि यदि आपको हमेशा स्वस्थ रहना है तो आपको अपने आसपास साफ सफाई स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। साथ ही जो पैक्ड फूड है उनका उपयोग न करें। इस मौके पर संस्था शिक्षक गण छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह के तृतीय दिवस हुआ आयोजन

**सारंगपुर।** नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का समापन किया। कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत संस्था की प्राचार्य डॉ.ममता खोईया द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला उत्पीड़न संबंधी अधिनियम की जानकारी दी गई। साइबर सुरक्षा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में क्यों आवश्यक है एवं इसके क्या-क्या लाभ एवं हानि है इसके बारे में भी विद्यार्थियों को बताया। डॉ.वसीम शेख द्वारा विद्यार्थियों को बताया कि महाविद्यालय में किस प्रकार पाठ्यक्रम मैं विद्यार्थी अपना अध्यापन कर सकेंगे अपने विषयों को किस प्रकार बेहतर तरीके से जान पाएंगे इसके लिए उन्होंने विद्यार्थियों को प्रति दिवस कक्षा में उपस्थित रहने को कहा इसके अलावा उन्होंने सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत विद्यार्थियों को क्या-क्या जानकारी प्रदान कर सकते है वह भी बताया विद्यार्थी महाविद्यालय में किस प्रकार अपना सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाह के साथ-साथ सामुदायिक सेवा अभिविन्यास का भी विकास कर सकें प्रो.प्रीतम गुनावा द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कितने प्रकार की छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है एवं विद्यार्थियों को छात्रावास का भी लाभ दिया जाता है श्री हरिशंकर शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को खेल विधाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं अंत में महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को संस्था की प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका स्वागत किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# पौधरोपण के लिए जगह चयन हेतु एसडीएम ने निरीक्षण कर प्लानिंग तय की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पौधारोपण की प्लानिंग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी सुनील कुमार ने राजस्व एवं नगर परिषद टीम के साथ स्थान चयन किया।



जहां पर मुख्य रूप से यह उद्देश्य लेकर कहा कि पौधारोपण करने के साथ-साथ उक्त स्थान एवं पौधे की संपूर्ण सुरक्षा प्रतिबद्ध रहेगी। जिसमें तार फेंसिंग करके पूरे परिसर को कवर किया जावेगा। ताकि लगाए गए पौधों को नुकसान या नष्ट नहीं किया जा सके। चर्चा करते हुए एसडीएम ने बताया कि नगर के छापीहेड़ा रोड नहर से कॉलेज तक,बांध पर फिल्टर के पास, सीपेज पर, बांध पर पार्क के पास, ओपन जिम के पास, नई कोर्ट के पास, तहसील कार्यालय के पास पार्क इन स्थानों पर पौधे लगाए जायेंगे जिनकी निर्धारित संख्या 2600 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है।

यह अभियान 7 जुलाई से 30 जुलाई तक यह पौधे लगाए जाना है जिसको लेकर नगर के समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी नगर भिन्न-भिन्न समाज के बंधु , सामाजिक धार्मिक कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि , पत्रकार इस वृहद रूप से आयोजित अभियान में जुड़े।जिसमें पौधे स्वयं के द्वारा खरीद कर नियत स्थान पर लगाने हैं उनके लिए जो जो स्थान तय है प्रशासन द्वारा गड्ढे खुदवा कर मिट्टी उपलब्ध रहेगी एवं उन पौधों की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी पौधे लगाने वाले व्यक्ति की रहेगी जिसमें पौधे लगाने के साथ सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से व्यक्ति फोटोग्राफ भी करें, ताकि पौधारोपण के साथ-साथ भावनात्मक रूप से व्यक्ति जुडेगा ओर पौधे कि पुरी सुरक्षा रहेगी। जिससे निश्चित ही उक्त पौधा पेड़ बनेगा और नगर का वातावरण शुद्ध बनाने में सहयोग प्राप्त होगा।

# युमो कार्यकर्ताओं ने जलाया राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हिंदू हिंसक वाले बयान पर पूरे देश भर में सियासत गर्मा गई है। गांधी के बयान पर देशभर में युवा मोर्चा कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार शाम को युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने नगर के छतरी चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया।



इस दौरान विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इस मामले में विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी का बयान पूरे हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस करने वाला है और उन्हें पूरे हिंदू समाज से इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राठौड़ युवा मोर्चा अध्यक्ष नितेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद थे। गौरतलब है कि लोकसभा में राहुल गांधी के कथित बयान को लेकर बीजेपी हमलावर है।

### सामान्य बीमारी से ग्रसित मरीजों में इस संक्रमित बीमारी के फैलने का डर बना

# फॉर्मेसी रूम से बांटी जा रही टीबी के मरीजों को दवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासन ने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए 100 बिस्तरों का अस्पताल का निर्माण कर जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए भारी भरकम अस्पताल बनाया है। पर चिकित्सालय में पदस्थ बीएमओ द्वारा यहां फैली अव्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की कोई लगाम कसने प्रयास नहीं किए जा रहे। अस्पताल की आव्यवस्थाएं अखबार की सुर्खियां बनी हुई हैं, बावजूद इसके विभाग के उच्चाधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मुखदर्शक बनकर चुप्पी साधे हुए हैं।



### फार्मेसी कक्ष से बांटी जा रही टीबी की दवाई

उल्लेखनीय है की सिविल अस्पताल में आने वाले सामान्य मरीजों को अब टीबी जैसी जानलेवा बीमारी मुफ्त में मिल सकती है, क्योंकि यहां पदस्थ टीबी विभाग के कर्मचारी पिछले दो दिन से ट्रेनिंग पर है और ऐसे में सीबीएमओ ने फार्मेसी दवाई वितरण करने वाले कर्मचारियों को टीबी मरीजों को सामान्य दवाई वितरण केन्द्र से ही दवाई वितरण करने के निर्देश दिए हैं। एक तरह जहां अधिकारी के निर्देश के आगे स्वास्थ्य कर्मचारी बेबस है, वहीं दूसरी और सिविल अस्पताल में आने वाले सामान्य बीमारी से ग्रसित मरीजों में इस संक्रमित बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। बुधवार को सामान्य दवाई खिड़की से टीबी मरीजों को दवाई बाटने की जानकारी मीडिया को लगी तो हकीकत जानने मीडियाकर्मी सिविल अस्पताल पहुंचे तो वहां कई टीबी मरीज टीबी कक्ष के बाहर कर्मचारी की बांट देख रहे थे, तो कुछ फार्मेसी कक्ष से टीबी की दवाई लेते दिखाई दिए। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अगर इस संक्रमित बीमारी से ग्रसित लोगों को समय रहते अलग से दवाई देने की व्यवस्था नहीं की गई तो ये जानलेवा बीमारी सिविल अस्पताल आने वाले कई लोगों को अपनी चपेट में ले सकती है।

### टीबी कक्ष के बाहर दिखाई दी भीड़

विभागीय जानकारों की माने तो टीबी ग्रसित मरीजों को छह माह तक नियमित डोज लेना पड़ता है। 2 महीने 4 एफडीसी फिक्स डोज कॉम्बिनेशनश दवा चलती है। इसके बाद 4 महीने 3 एफडीसी शिफक्स डोज कॉम्बिनेशनश दवाइयों का नियमित सेवन करना पड़ता है। लेकिन वर्तमान में कई टीबी मरीजों को फार्मेसी कक्ष से दवाई बांटी जा रही है, किंतु मीडिया के सवाल के बाद स्वास्थ्य कर्मी मरीजों को दवाई देने में आनाकानी करने लगे, ऐसे में अदनान पिता राजू, अनोखी लाल पिता किशनलाल, संध्या पिता चेन सिंह, घनश्याम पिता कालूराम सहित अनेक मरीजों की भिड़ टीबी कक्ष के बाहर लगी दिखाई दे रही थी। मरीजों व उनके परिजनों का कहना था की उन्हें अक्सर दवाई के लिए परेशान होना पड़ता है, जिसकी शिकायत सीएमएचओ किरण वाडिया से भी की गई है, बावजूद इसके अधिकारी ध्यान नही दे रहे हैं। जानलेवा के साथ टीबी एक संक्रामक बीमारी टीबी के फैलने के पीछे का मुख्य कारण है हवा। खांसी, छींक, या फिर लार के द्वारा टीबी की समस्या एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकती है। इस बैक्टीरिया का मुख्य कार्य हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाना है। यह रोग हमारे शरीर के उन भागों को प्रभावित करता है जहां खून और ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होती है।

### नर्स के भरोसे भर्ती मरीज

अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों का सीधे तौर पर कहना है की चिकत्सालय में ओपीडी के बाद भर्ती किए हुए मरीज को संबंधित चिकित्सक राउंड पर देखने तक नहीं आते, सिर्फ ड्यूटी नर्स द्वारा ही उन्हें औपचारिक इलाज दिया जा रहा है। जिसके कारण मरीज को शारिरिक रूप से फायदा नही पहुंचने पर मरीज को या तो अन्यंत्र शहर ले जाना पड़ता है या फिर झोलाछाप डॉक्टर को दिखा कर अपनी जान जोखिम में डालना पड़ती है।

**इनका कहना है...**

टीबी कर्मचारी दो दिन की ट्रेनिंग पर है इस कारण वह छुट्टी पर गए हैं। टीबी मरीजों को दवाई देना जरूरी है। इसी लिए फॉर्मेस कक्ष से देने का बोला था।

**डॉ डी बड़ोदिया,** सीबीएमओ सारंगपुर।

टीबी वार्ड हर जगह अलग बना हुआ है, फॉर्मसी कक्ष से दवाई देना एक दम गलत है, अगर कोई कर्मचारी ट्रेनिंग पर गया है तो मैं टीबी अधिकारी से बात करती हूं।

**किरण वाडिया** सीएमएचओ राजगढ़।

# एसपी-कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** एक महीना पहले 10 जून को जिला जेल में कैदी के फांसी लगाने के मामले में मंगलवार को मृतक के परिजनों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि मृतक मोनू चौकसे ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है। जिसमें पांच लोगों के ऊपर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया, लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मंगलवार को ग्राम मोहाना खेजड़ा के रहने वाले मनीष चौकसे और परिवार के अन्य सदस्य जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसपी और कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि एक महीने पहले उनके छोटे भाई मोनू चौकसे की जिला जेल में मृत्यु हो गई थी। एक महीना बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुसाइड नोट मिला था उसमें आरोपियों के नाम साफ लिखे थे। पुलिस ने अब तक कोई एफआईआर नहीं लिखी है।

**खबर संक्षेप**

## विद्यालयों में दी जाएगी उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा

**सीहोर।** सीएम राइज विद्यालय सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका मुख्य लक्ष्य अनुकरणीय रूप से बच्चों के सीखने की प्रक्रियाओं को निर्धारित करना, विद्यार्थियों की सीखने की निरंतरता और शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के बीच सहज जुड़ाव है। सीएम राइज स्कूल विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास का विजन एवं विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाने के मिशन के साथ साहसी, उत्कृष्ट, सत्य निष्ठ तथा सभी के प्रति सम्मान और करूणा से युक्त विद्यार्थियों को गढ़ेगा। विश्व स्तरीय आधारभूत संरचना सीएम राइज स्कूलों में उच्च गुणवत्तायुक्त विश्व-स्तरीय आधारभूत संरचना के साथ स्मार्ट क्लास में शिक्षा दी जायेगी। इन स्कूलों में पाठ्येत्तर गतिविधियों जैसे- संगीत, नृत्य, कला, खेल, व्यायाम एवं अन्य शिल्प के लिए आवश्यक उपकरण एवं सुसज्जित स्थान होंगे। विश्व-स्तरीय सर्वसुविधायुक्त भवन, किचन एवं कैफेटेरिया व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधा, कौशल विकास शिक्षा, स्मार्ट एवं डिजिटल कक्षाएँ, पूर्ण समृद्ध आधुनिक प्रयोगशालाएँ, लाइब्रेरी, कला-संगीत, खेलकूद आदि की व्यवस्था होगी। नर्सरी एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा, व्यावसयिक शिक्षा एवं नीट, क्लेट, जेईई आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जायेगी। यह ऐसा दृष्टिकोण है जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी की विशेषताओं को पहचान कर शिक्षित किया जाएगा।

### श्यामपुर और दोराहा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

# हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान का विरोध कर जलाया राहुल गांधी का पुतला

सरकार द्वारा मिलने वाली 50 हजार की अनुग्रह राशि के ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर/दोराहा



भारतीय जनता पार्टी मंडल श्यामपुर के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी के द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान पर राहुल गांधी का पुतला जलाकर अपना विरोध प्रकट किया और कहा कि श्री राहुल गांधी ने सदन में हिंदू को हिंसक बताकर समूचे हिंदू समाज का घोर अपमान किया और हिंदू समाज को नीचा दिखाने का काम किया है। कार्यकर्ताओं ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए श्यामपुर तहसील चौराहे से बस स्टैंड तक विरोध रैली निकालकर श्यामपुर बस स्टैंड पर राहुल गांधी का पुतला जलाया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण मातावाले विधायक प्रतिनिधि गोविंद पाटीदार, मंडल महामंत्री रामस्वरूप मालवी य श्यामपुर सरपंच नवीन चौहान दिनेशपाटीदार, भारतीय जनता पार्टी के व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक संजय पाटीदार, सरपंच अजय ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश कोली, मंडल महामंत्री राजकुमार मेवाड़ा जगदीश पाटीदार, कैलाश पाटीदार, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष मनीष लोणारे, राजेंद्र हाड़ा, नवदीप श्रीवास्तव, राहुल माली, बालमुकुंद, गोलू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दोराहा में भी हुआ विरोध प्रदर्शन

लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन में कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी द्वारा समस्त हिंदु समाज को लेकर विवादित बयान दिया था। जिसमें उन्होंने हिंदुओं को हिंसक, नफरती और असत्यवादी कहा। भारतीय जनता पार्टी दोराहा मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा ने बताया कि इस विवादित बयान को लेकर हिंदू समाज के साथ भारतीय जनता पार्टी बहुत ही आहत है। उनकी इस मानसिकता से यह प्रतीत होता है कि उनके हृदय में हिंदुओं के प्रति द्वेष भावना भरी हुई है। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी हमेशा से ही जातिवाद का मुद्दा बनाकर ही लोगों को गुमराह करते आए हैं। लोकसभा में उन्होंने सामाजिक बात करके यह सिद्ध कर दिया कि वह स्वयं देश के विकास के विषय में कुछ नहीं चाहते। लेकिन आम जनता उनकी इस मनसा को समझ चुकी है। सीहोर विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में बुधवार को दोपहर 12 भारतीय जनता पार्टी दोराहा मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं ने



एकत्रित होकर राहुल गांधी का पुतला फूंका और राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के इस विवादित बयान की घोर निंदा की।

# 11 अगस्त को देवास में होगा परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मप्र मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज प्रांतीय संगठन एवं मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज देवास के संयुक्त तत्वावधान में 11 अगस्त 2024 को प्रातः 9 बजे से अर्गस गार्डन देवास पर स्वर्णकार समाज के सभी वर्गों के विवाह योग्य युवक युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के प्रदेश सचिव देवीलाल सोनी एवं मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज आष्टा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश सोनी पांचम ने देते हुए बतलाया कि परिचय सम्मेलन में पुरे देश भर से हज़ारों समाज बंधु एंव प्रत्याशी हिस्सा लेंगे। तथा स्वर्णकार समाज की देश भर की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं प्रमुख राजनीतिक हस्तियां कार्यक्रम में अतिथि रहेंगे जिनके द्वारा परिचय पत्रिका का विमोचन किया जाएगा जिसके पश्चात प्रत्याशियों को परिचय पत्रिका का निशुल्क वितरण होगा। परिचय सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से संगठन द्वारा प्रत्याशियों को मंच पर आकर अपना परिचय देना अनिवार्य रखा गया है। कार्यक्रम में अन्य प्रदेशों एंव दुरस्थ क्षैत्रों से पहुंचने वाले प्रत्याशियों के लिए संगठन द्वारा पूर्व सुचना पर निःशुल्क आवास व्यवस्था एंव कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज बंधुओं के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई जाएगी। आपने सभी समाज बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पंजीयन करवाकर अपने समय श्रम एवं धन की बचत कर लाभान्वित होने का आग्रह किया है। प्रत्याशियों के लिए पंजीयन की प्रक्रिया बेहद सरल एवं सुविधा जनक हे घर बैठे ही आनलाइन पंजीकरण करवाया जा सकता है तथा संगठन केहेल्पलाइन नंबर पर व्हाट्स एप कर अपना परिचय देकर परिचय सम्मेलन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है जिससे सुविधा जनक घर बैठे पंजीयन करवाया जा सकता है।

# दिल्ली में सम्मानित हुई आष्टा की बेटी दीपा श्रीवास्तव



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सशक्त महिला पुरस्कार से नवाजे गए विभिन्न राज्यों से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सात महिलाओं को रोहिणी सेक्टर 8 में महाराजा अग्रसेन भवन में सशक्त महिला पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कन्यादान फाउंडेशन संस्थापक और अध्यक्ष ऋषि सरदाना और उपाध्यक्ष करण बाली के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि श्री योगेंद्र चंदोलिया, सांसद अति विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र गुप्ता, रोहिणी एसीपी दिनेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश गुलाटी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मधु दास, कोषाध्यक्ष अंजू तोमर,जिला अध्यक्ष अजीता सिंह, अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। संस्थापक ऋषि सरदाना सर द्वारा कन्यादान फाउंडेशन की बिजनेस हेड दीपा श्रीवास्तव को, उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए महिलाओं को बच्चेदानी के कैंसर जैसी बीमारी से बचाव व रोकथाम के प्रति जागरूक करने महिला सशक्तीकरण स्वस्तीकरण पर कई महिलाओं को रोजगार देखकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए वूमेन एंपावर्ड अवार्ड 2024 से सम्मानित किया। साथ ही टीम लीडर सुषमा परमार, सोनिका परमार, प्रियंका शर्मा पुरोहित, ज्योति द्विवेदी, आशा खान को भी सम्मानित किया गया। आयोजन 29 से 30 जून तक 2 दिवस आयोजित किया गया था। संस्था की समस्त नारी शक्तियों ने उन्हें बधाई संदेश दिया और अपनी बिजनेस हेड की प्रशंसा की महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थीकरण के क्षेत्र को ओर बेहतर बनाने के लिए संस्था के संस्थापक, बिजनेस हेड और टीम द्वारा नए प्रोडक्ट मायजो कन्या बायोडिग्रेडेबल अनियन नैपकिन का लॉन्चिंग किया गया।

## दीक्षारंभ समोराह में विद्यार्थियों को किया जागरूक



**आष्टा।** शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में दीक्षारंभ समोराह के तृतीय दिवस के अंतर्गत कार्यक्रम संयोजक डॉ. बेला सुराणा द्वारा विद्यार्थी जीवन एवं सहायता प्रणाली, सांस्कृतिक, सामाजिक गतिविधियां परिचय व मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को अवगत कराया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पलता मिश्रा द्वारा महाविद्यालय में संचालित युवा उत्सव, स्नेह सम्मेलन, खेल व फिटनेस गतिविधियां, विद्यार्थी क्लब और छात्रावास के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। डॉ. अबेका खरे द्वारा सायबर क्राईम, बौद्धिक सम्पदा, सूचना का अधिकार पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया गया। हरीओम मेवाड़ा द्वारा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न छात्रवृत्तियों प्रतिभा किरण गांव की बेटी आवास योजना पोस्ट मेट्रिक मेघावी आदि योजनाओं से अवगत कराया। डॉ. बेला सुराणा द्वारा नागरिकों के मौलिक कर्तव्य, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पिड़न के अंतर्गत विद्यार्थियों का जागरूक किया गया। कु. शिवानी मालवीय द्वारा अपना सम्पूर्ण ध्यान अध्ययन करने हेतु लगाने के लिए किया गया। बताया गया कि अपना संपूर्ण ध्यान प्रतियोगिता परीक्षाओं की और लगायें न कि पढ़ाई के दौरान जॉब करें।

# रेहटी में निकली भगवान जगदीश की रथ यात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज द्वारा नगर रेहटी में भव्य जगदीश यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु सहित महिला पुरुष एवं नगर रेहटी के लोग शामिल हुए। भगवान जगदीश की रथ यात्रा नगर रेहटी के पुराने बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ हुई यहां पर भगवान की आरती के साथ रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। रथ यात्रा नगर रेहटी के मुख्य मार्ग से निकली जहां-जहां से यात्रा निकली वहां पर सामाजिक एवं अन्य संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर रथ यात्रा का स्वागत किया गया। अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती युवा संगठन द्वारा या रथ यात्रा का आयोजन द्वितीय वर्ष किया गया था पूरे नगर रेहटी चारों ओर लोग ही लोग नजर आ रहे थे और लोग घर ऑन की छत से गैलरी में से रथ यात्रा देख रहे थे रथ यात्रा जैसे ही शुरू हुई ढोल बाजे डीजे पर युवा नृत्य करते हुए भगवान जगदीश का जयकारक कर रहे थे वहीं अखाड़े के लोगों ने भी हैरत करने वाले प्रदर्शन यहां पर किया। रथ पर भगवान जगदीश की मूर्ति विराजमान थी तो वही एक ट्रैक्टर ट्राली पर हनुमान जी महाराज की सुंदर झांकी भी मौजूद रही जो आकर्षण का केंद्र रही। रथ यात्रा की तैयारी अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती युवा संगठन द्वारा काफी दिनों पहले से की जा रही थी जिसमें आसपास के क्षेत्र सहित पूरे जिले भर के लोग बडी संख्या में शामिल हुए। यात्रा का समापन राधा कृष्ण मंदिर पर भगवान की महा आरती के साथ हुआ।

# पुस्तकों से प्यार करोगे तो जीवन में सफल रहोगे: डॉ. दीप्ति चौरसिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय स्नातक महाविद्यालय इछावर में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत अंतिम दिन बुधवार को विद्यार्थियों ने पुस्तकालय की कार्य पद्धति को विस्तार से समझा। इस दौरान पुस्तकालय विभाग से डॉ. दीप्ति चौरसिया ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय के प्रकार और ई.ग्रंथालय के बारे में विस्तार से समझाया।

उन्होंने कहा कि पुस्तकों से प्यार करोगे तो जीवन भर सफल रहोगे। आप पुस्तकालय में प्रतिदिन जरूर आईये और पुस्तकालय, वाचनालय की उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर के साथ सुविचार भी जरूर लिखे। पुस्तकालय प्रभारी डॉक्टर कलावती गडरिया ने विद्यार्थियों के मध्य अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पुस्तकों को महत्व देंगे तो पुस्तके आपका महत्व बढ़ाएंगी। प्राचार्य डॉक्टर सुनीता यादव हिंदी विभाग किताबें मनुष्य को मानसिक और भावनात्मक रूप से बढ़ाने में मदद करती है। अंग्रेजी विभाग के डॉक्टर शरद मेश्राम ने महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। ग्रंथपाल डॉक्टर दीप्ति चौरसिया ने पुस्तकें जारी कराने की प्रक्रियाए नियम आदि को समझाया।

साथ ही अनुसूचित जाति जनजाति के लिये संचालित निःशुल्क पुस्तकें एवं स्टेशनरी योजना को विस्तार से बताया गया। एनईपी युवा सारथी बीए प्रथम वर्ष में अध्ययनरत छात्रा शिवानी मालवीय, मंजू वर्मा, रोहित प्रजापति ने विद्यार्थियो के साथ विषय चयन और कक्षा में अपने अनुभवों को साझा किया। वाणिज्य संकाय सीताराम विश्वकर्मा, अरविंद बेस ने वाणिज्य विषय का महत्व विद्यार्थियों को समझाया। इसके साथ ही इतिहास विभाग के डॉक्टर विमल तिवारी ने विद्यार्थियों को इतिहास के महत्व के बारे में समझाया। समाजशास्त्र विभाग से राजेश अहिरवार ने समाज वर्ग के बारे साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताया। महाविद्यालय के कार्यालय में स्टाफ महेंद्र राव, अभिषेक गुप्ता, जितेंद्र मालवीय ने भी शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए एकीकृत छात्रवृति के बारे में विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों को ई.प्रवेश में विषय चयन के लिए हेल्प डिक्स के माध्यम से होने वाली गलतियों के बारे में भी समझाया।

छात्रवृति के ऑनलाईन आवेदन, परीक्षा आवेदन की प्रक्रियाए टीसी आदि को विस्तार से समझाया। राजनीति विज्ञान के डॉ. कलावती गडरिया विद्यार्थियों को राजनीति विज्ञान विषय के महत्तव और राजनीति विज्ञान में रोजगार के अवसरों को विद्यार्थियों को समझाया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में नव प्रवेशित दो विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। अंग्रेजी विभाग के डॉ शरद मेश्राम ने कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक और बडी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मंत्री के निर्देश पर घुम्मकड़ वर्ग की महिला को तुरंत मिली स्वास्थ सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



घुमक्कड़ समाज के हिंगोनी निवासी तहसील श्यामपुर निवासी दीपक की पत्नी को स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाले सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दीपक ने बताया कि मेरी पत्नी गर्भवती है और मेरे पास आधार कार्ड नहीं था। जिसके कारण मुझे शासकीय चिकित्सालय से किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं मिल रही है। मैं इधर उधर तहसील व शासकीय कर्यालय में भटक रहा हु। घुमक्कड़ वर्ग का होने से बाहर कार्य करने जाने के कारण मेरा आधार कार्ड नहीं बन पाया था और ना ही मेरे पास कोई दस्तावेज थे। आधार कार्ड का हवाला देकर स्वास्थ्य विभाग ने मेरी पत्नी को स्वास्थ्य लाभ देने से मना कर दिया। इसके बाद मैंने भोपाल गोविंदपुरा विधायक घुमक्कड़ अर्धघुमक्कड़ पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्णा गौर जी को फोन पर अपनी समस्या बताई तो उन्होंने मेरी समस्या को गंभीरता से लेते हुए अपनी सक्रियता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उन्होंने तुरंत स्वस्थ विभाग सीहोर को दिशा निर्देश दिए। जिसके बाद स्वास्थ विभाग ने आनन फानन में मेरे आधार कार्ड बनाने का रास्ता भी प्रशस्त कराया और मेरी पत्नी को स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाली सारी सुविधाओं को उपलब्ध कराया जिसके बाद दीपक ने घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्णा गौर का आभार प्रकट किया है।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर की बैठक में हुई चर्चा

# बूढ़ा अमरनाथ यात्रा को लेकर सदस्यों ने की रूपरेख पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर की प्रखंड बैठक देव बाबा लाखन धाम दरबार में संपन्न हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के बारे में विस्तार से संगठन के युवाओं को समझाया बूढ़ा अमरनाथ यात्रा 5 अगस्त को सीहोर से मध्य भारत प्रांत की पूरी टीम के साथ मालवा ट्रेन से जम्मू के लिए रवाना होगी।जो जम्मू से होती हुई पूछ सेक्टर में बूढ़ा अमरनाथ दर्शन के पश्चात वापस जम्मू में संपन्न होगी। बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के साथ मठ मंदिरों में संगठन की उपस्थिति में वृक्षारोपण हो, संगठन के माध्यम से सड़क पर चल रही दुर्घटना से गायों की मौत हो रही है उन्हें किस प्रकार बचाया जाए उस पर उत्तराखंड अध्यक्ष लखन सिंह ने भी विस्तार से चर्चा की ,साथ ही सावन मास में कावड़ यात्रा को लेकर भी चर्चा हुई । और राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में हिंदू को हिंसक बताने पर आपत्ति दर्ज की ओर राहुल गांधी के विरोध में नारेबाजी भी की और घोर निंदा राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी की सोच हिंदू विरोधी दर्शाती है। बैठक जावर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी पडियार मांगीलाल पडियार की अध्यक्षता में अतिथि जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर, की उपस्थिति में संपन्न हुई।बैठक में प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ,प्रखंड संयोजक यशवंत सिंह, मंत्री हरेंद्र सिंह ,सह मंत्री यशवंत सिंह,अंकुर बिल्लौरे ,समरसता प्रमुख सुनार सिंह, सुरक्षा प्रमुख अर्जुन सिंह, सत्संग प्रमुख हटे सिंह, सहसंयोजक अर्जुन सिंह कजलास ,खंड अध्यक्ष राम सिंह समरसता, प्रमुख जितेंद्र सिंह ग्वाला, खंड अध्यक्ष बहादुर सिंह,जावर नगर उपाध्यक्ष विशाल ठाकुर ,नगर मंत्री राकेश धंधाल बैठक में खंड प्रमुख एवं इकाई अध्यक्ष के साथ ग्राम कजलास, ग्वाला,कुंडिया,सेठ गुराडिया, मेंहतवाड़ा, जिकड़ी, स्माइल खेड़ी , कुंडिया धागा एवं जावर के संगठन के सदस्य सम्मिलित थे कार्यक्रम का संचालन प्रखंड मंत्री हरेंद्र सिंह ठाकुर ने किया।

## ब्रिज के दोनों तरफ की सर्विस रोड हो रही जर्जर, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

श्यामपुर ब्रिज की दोनों तरफ सर्विस रोड जर्जर हो रहा है। जिस कारण जाम की स्थिति भी आए दिन बनी रहती है। कई बार ठेकेदारों को फोन के जरिए मामला बताया लेकिन ठेकेदार संजय प्रधान के द्वारा इस और कोई ध्यान ही नहीं दिया। जब भी ठेकेदार से ग्रामीणों की बात होती है तो ठेकेदार के द्वारा आश्वासन दिया जाता है कि एक या दो रोज में रोड को रिपेयर किया जाएगा। लेकिन ना तो रोड रिपेयर किया जाता है और ना ही निर्माण कार्य का रूप दिया जाता है।ब्रिज के दोनों तरफ जो लाइट लगाई गई है वह भी ज्यादातर बंद ही रहती है। श्यामपुर बस स्टैंड पर जो ब्रिज बना हुआ है ब्रिज के दोनों तरफ रोड की जर्जर स्थिति इतनी है कि पैदल निकलने वाले व्यक्तियों को भी कीचड़ में से ही गुजरना पड़ रहा है। से संबंधित अधिकारियों का भी ईस और ध्यान नहीं है।